# HINDI

## Paper 2

*(Two Hours)*

***Answers to this Paper must be written on the paper provided separately.***

*You will **not** be allowed to write during the first 15 minutes.*

*This time is to be spent in reading the question paper.*

***The time given at the head of this Paper is the time allowed for writing the answers.***

---

*Answer **five** questions in all.*

*You must answer at least **one** question from each of the **three** books you have chosen.*

कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

चुनी हुई **तीन** पुस्तकों में से **एक-एक** प्रश्न का उत्तर देना अनिवार्य है ।

*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].*

---

## गद्य सौरभ

**Question 1**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:—

इतिहास साक्षी है, बहुत बार अकेले चने ने ही भाड़ फोड़ा है और ऐसा फोड़ा है कि भाड़ खील-खील ही नहीं हो गया, उसका निशान तक ऐसा छूमंतर हुआ कि कोई यह भी न जान पाया कि वह बेचारा आखिर था कहाँ ?

**(i)** प्रस्तुत वाक्य किस संदर्भ में कहा गया है ? [4]

**(ii)** एक नागरिक के रूप में व्यक्ति के कर्त्तव्य और अधिकार क्या हैं ? [4]

**(iii)** नागरिक और देश को एक साथ बाँधने वाली किसी एक घटना का वर्णन कीजिए । [4]

**(iv)** देश की उच्चता और हीनता को तोल सकने वाली कसौटी क्या है ? कैसे ? [4]

---

**This Paper consists of 7 printed pages and 1 blank page.**



T 05 052

© *Copyright reserved*

**Question 2**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

धर्मराज ने राजसूय यज्ञ किया था । कृष्ण भी वहाँ गये थे । कहने लगे, मुझे भी काम दो । धर्मराज ने कहा, आपको क्या काम दें । आप तो हमारे लिए पूज्य हैं, आदरणीय हैं ।

**(i)** राजसूय यज्ञ से आप क्या समझते हैं ? [4]

**(ii)** धर्मराज का परिचय दीजिए । वे कृष्ण को काम क्यों नहीं देना चाहते थे ? [4]

**(iii)** कृष्ण ने इस यज्ञ में क्या कार्य किया एवं क्यों ? [4]

**(iv)** प्रस्तुत पाठ के लेखक कौन हैं ? इस पाठ से आपको क्या शिक्षा मिली ? [4]

**Question 3**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

"आप खिन्न मत होइए सरकार ! एक दिन का समय दीजिए । कल तक कोई योजना बन ही जाएगी । मगर एक बात है । आपको मेरे कहे अनुसार कार्य करना पड़ेगा ।"

**(i)** प्रस्तुत वाक्य किसने, किससे कहा है ? श्रोता की खिन्नता का क्या कारण है ? [4]

**(ii)** समस्या के समाधान के लिए क्या योजना बनाई गई ? योजना की सफलता में किसे, क्या सन्देह था ? [4]

**(iii)** वक्ता की सलाह मानकर श्रोता को अपने रूप में क्या परिवर्तन करना पड़ा था तथा क्यों ? [4]

**(iv)** भ्रष्ट नेताओं के कारण बुद्धिजीवी, पत्रकार एवं धर्मगुरु नैतिक मूल्यों का हनन कर अपनी प्रतिभा का दुरुपयोग करते हैं — प्रस्तुत पंक्ति को आधार बनाकर एक अनुच्छेद में अपने विचार दीजिए । [4]

## चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य

**Question 4**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

"मगध सम्राट रामगुप्त अपने कक्ष में बेचैनी से घूम रहे थे । क्रोध से पैर पटकते हुए कभी वे एक कोने से दूसरे कोने तक जाते और कभी अपने कक्ष में लगे ध्रुवस्वामिनी के चित्र के सामने खड़े होकर उसे घूर-घूर कर देखने लगते ।"

**(i)** मगध सम्राट की बेचैनी का क्या कारण था ? [4]

**(ii)** ध्रुवस्वामिनी कौन है ? वे उसके चित्र को घूर-घूर कर क्यों देख रहे हैं ? [4]

**(iii)** वे ध्रुवस्वामिनी को दण्ड क्यों देना चाहते हैं ? लेकिन उसे दण्ड देने में उन्हें भय क्यों है ? [4]

**(iv)** आखिरकार वे किसे और क्या दण्ड सुनाते हैं ? क्या वे उसे दण्डित कर पाते हैं ? कारण सहित उत्तर दीजिये । [4]

**Question 5**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:—

"शकराज खारवेल की इस अभद्रता पर मगध के राजदूत का समूचा शरीर क्रोध से जल उठा । जी चाहा कि इस अभद्रता का शकराज को अभी मजा चखा दे । लेकिन अपने पद की परम्परा ध्यान में आते ही वह इस हलाहल को मौन रहकर पी गया ।''

**(i)** मगध का राजदूत कहाँ और क्यों आया था और वह क्या संदेश लाया था ? [4]

**(ii)** खारवेल ने क्या अभद्रता की थी जिससे राजदूत को क्रोध आया ? 'हलाहल ····· पी गया' से लेखक का क्या तात्पर्य है ? [4]

**(iii)** संदेश सुनकर 'खारवेल' ने क्या प्रतिक्रिया व्यक्त की ? उसने राजदूत से क्या प्रश्न किया ? [4]

**(iv)** खारवेल के प्रश्न का राजदूत ने क्या उत्तर दिया और राजदूत की बात का खारवेल ने क्या उत्तर दिया ? [4]

**Question 6**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:—

"जैसी आपकी आज्ञा'' कहकर चन्द्रगुप्त उठा और देवकी तथा वीरसेना को अपने पीछे आने का संकेत कर शिविर से बाहर निकल गया ।

**(i)** चन्द्रगुप्त को किसने और क्या आज्ञा दी थी ? यह आज्ञा उसे क्यों दी गई थी ? स्पष्ट कीजिये । [4]

**(ii)** रामगुप्त क्या चाहता था और क्यों ? इस विषय में चन्द्रगुप्त की क्या राय थी ? [4]

**(iii)** देववर्मा और वीरसेन कौन हैं ? उनका चन्द्रगुप्त से क्या संबंध है ? [4]

**(iv)** चन्द्रगुप्त शिविर से निकल कर कहाँ और क्यों गया ? उसका वहाँ किस प्रकार स्वागत किया गया ? [4]

## एकांकी चयनिका

**Question 7**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:—

बापू ! तुमने हमारे देश की सभी विपत्तियां दूर कर दीं और उसे स्वतन्त्रता प्रदान कराई । तुम आज हमारे बीच नहीं हो, पर शरीर से मुक्त हो कर साहस और तेज के रूप में तुम प्रत्येक देशवासी के मन में समाये हो ।

**(i)** बापू का पूरा नाम लिखते हुए बताएं कि उन्होंने हमें किन विपत्तियों से मुक्त कराया ? [4]

**(ii)** बापू के प्रयासों का देश को क्या लाभ हुआ ? [4]

**(iii)** बापू की ''अहिंसावादी'' नीति के विषय में अपनी राय देते हुए बताएं कि आज के परिवेश में इसका कितना प्रभाव पड़ सकता है ? [4]

**(iv)** बापू ने चरखे को क्यों अपनाया ? इसके पीछे उनकी कौनसी भावना छिपी हुई थी ? [4]

**Question 8**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:—

''बताया तो था तुम्हें । बाप सेर है तो लड़का सवा सेर । बी.एस.सी. के बाद लखनऊ में ही तो पढ़ता है मेडिकल कालेज में । कहता है कि शादी का सवाल दूसरा है, तालीम का दूसरा । क्या करूँ मजबूरी है । मतलब अपना है । वरना इनको ऐसी कोरी-कोरी सुनाता कि ये भी .......... ।''

**(i)** उपर्युक्त वार्तालाप कहाँ, किन परिस्थितियों में और किस-किस के मध्य हो रहा है ? [4]

**(ii)** ये बाप-बेटे कौन हैं ? वक्ता उनके बारे में अपने परिवार को उनके बारे में क्या बताता है ? [4]

**(iii)** एकांकीकार ने इन बाप-बेटों का परिचय किस प्रकार दिया है ? [4]

**(iv)** वक्ता लड़के वालों से क्या बात छुपाने का प्रयास करता है और क्यों ? लड़के वालों को किस तरह की लड़की चाहिये ? [4]

**Question 9**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:—

''मेरी गाड़ी का समय हो रहा है । मैं जा रहा हूँ (द्वार तक जाता है फिर घूमकर) मैं जल्द ही फिर आऊंगा । विश्वास रखें इस बार आपकी चोट के लिये मरहम लाना न भूलूँगा ।''

**(i)** वक्ता कौन है ? वह कहाँ और क्यों आया है ? वहाँ आने पर उसके साथ किस प्रकार का व्यवहार होता है ? [4]

(ii) वह किस चोट की बात कर रहा है ? यह चोट किसको लगी है और इसे किस तरह ठीक किया जा सकता है ? [4]

(iii) कौन अपने को लज्जित महसूस कर रहा है और क्यों ? [4]

(iv) उनका हृदय परिवर्तन कैसे हुआ ? स्पष्ट कीजिये । [4]

## कथा-सरिता

**Question 10**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:—

आखिर पाँच बजते-बजते तैयारी मुकम्मल होने लगी । कुर्सियाँ, मेज, तिपाइयाँ, नैपकिन, फूल सब बरामदे में पहुँच गए । ड्रिंक का इंतज़ाम बैठक में कर दिया गया । अब घर का फालतू सामान आलमारियों के पीछे और पलंगों के नीचे छिपाया जाने लगा ।

(i) यहाँ किस आयोजन की तैयारी के विषय में कहा गया है ? यह आयोजन क्यों किया जा रहा था ? [4]

(ii) आयोजनकर्ता के सम्मुख क्या समस्या थी और क्यों ? [4]

(iii) समस्या के समाधान के लिए क्या-क्या सुझाव किस-किस ने दिए ? [4]

(iv) पुत्र के कुपात्र होने पर भी माता कुमाता नहीं हो सकती — पाठ के आधार पर एक अनुच्छेद में उक्त पंक्ति की समीक्षा कीजिए । [4]

**Question 11**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:—

"और सच बात तो यह है कि मुझे पत्नी की उतनी जरूरत नहीं, जितनी इन बच्चों को जरूरत है एक माँ की । मेरा क्या ठिकाना ? आज बाहर हूँ तो कल जेल में । मेरे बाद इनकी देखरेख करने वाला कोई नहीं रहता । यही सोच-समझकर विवाह को तैयार हो सका हूँ, अन्यथा इस उमर में विवाह ?''

(i) उक्त वाक्य का वक्ता कौन है ? वह ऐसा क्या कार्य करता था जिससे उसके जेल जाने की संभावना बनी रहती थी ? [4]

(ii) उक्त कथन की किन पर क्या प्रतिक्रिया हुई ? [4]

(iii) प्रस्तुत कहानी की कथा-नायिका का चरित्र-चित्रण कीजिए । [4]

(iv) प्रस्तुत कहानी के लेखक का नाम लिखकर पाठ का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए । [4]

**Question 12**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:

मैं आश्चर्य से उस तेरह-चौदह वर्ष के लड़के को देखने लगा । " हाँ, मैं सच कहता हूँ, बाबूजी ! माँ बीमार है इसलिए मैं नहीं गया ।''

**(i)** लेखक कौन है ? वह इस समय कहाँ है ? उसे किस बात पर आश्चर्य हुआ एवं क्यों ? [4]

**(ii)** लड़का कहाँ न जा सका था और क्यों ? [4]

**(iii)** इससे पूर्व लड़का लेखक से किस वस्तु के बदले में क्या चाहता था और क्यों ? [4]

**(iv)** प्रस्तुत कहानी में निम्न वर्ग की किन समस्याओं पर प्रकाश डाला गया है ? [4]

## काव्य-कानन

**Question 13**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:—

जीवन में मधु का प्याला था,
तुमने तन-मन दे डाला था ।
वह टूट गया तो टूट गया,
मदिरालय का आँगन देखो ।
कितने प्याले हिल जाते हैं,
गिर मिट्टी में मिल जाते हैं ।
जो गिरते हैं कब उठते हैं,
पर बोलो टूटे प्यालों पर,
कब मदिरालय पछताता है ।
जो बीत गई सो बात गई ।

**(i)** मधु का प्याला किसका प्रतीक है ? उसके टूटने से आप क्या समझते हैं ? क्या वास्तव में उसके टूटने पर जीवन में निराशा छा जाती है ? [4]

**(ii)** कवि ने मधु के प्याले को जीवन में अत्यधिक महत्वपूर्ण समझते हुए भी उसके टूटने पर जीवन भर रोने और पछताने को क्यों मना किया है ? उदाहरण सहित लिखिये । [4]

**(iii)** 'जो गिरते हैं कब उठते हैं' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिये । [4]

**(iv)** प्रस्तुत कविता के कवि का नाम लिखते हुए कविता का उद्देश्य स्पष्ट कीजिये । [4]

## Question 14

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

आजा बचपन ! एक बार फिर
दे दे अपनी निर्मल शान्ति ।
व्याकुल व्यथा मिटाने वाली
वह अपनी प्राकृत विश्रान्ति ।
वह भोली सी मधुर सरलता
वह प्यारा जीवन निष्पाप ।
क्या फिर आकर मिटा सकेगा
तू मेरे मन का संताप ?

**(i)** अपने बचपन को कौन बुला रहा है और क्यों ? [4]

**(ii)** 'वह अपनी प्राकृत विश्रान्ति' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिये । [4]

**(iii)** कवयित्री को बार-बार किसकी याद आती है और क्यों ? [4]

**(iv)** प्रस्तुत कविता का नाम लिखते हुए कविता का केन्द्रीय भाव स्पष्ट कीजिये । [4]

## Question 15

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :

कवि कुछ ऐसी तान सुनाओ जिससे उथल-पुथल मच जाये ।
एक हिलोर इधर से आये, एक हिलोर उधर से आये ।
प्राणों के लाले पड़ जायें त्राहि त्राहि स्वर नभ में छाये ।
नाश और सत्यानाशों का धुआँधार जग में छा जाए ।
बरसे आग जलद जल जाये भस्मसात् भूधर हो जाये ।
पाप-पुण्य सद-सद् भावों की धूल उड़ उठे दायें-बायें ।
नभ का वक्षस्थल फट जाये, तारे टूक-टूक हो जायें ।
कवि कुछ ऐसी तान सुनाओ जिससे उथल-पुथल मच जाये ।

**(i)** प्रस्तुत पंक्तियाँ किस कवि की किस रचना से ली गई हैं ? इसका केन्द्रीय भाव स्पष्ट करो । [4]

**(ii)** निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखो :— [4]

हिलोर, त्राहि, जलद, भस्मसात्, भूधर, सद-असद्, वक्षस्थल, प्राणों के लाले पड़ जाना ।

**(iii)** कवि अशान्ति भरी तानें छेड़ने के लिये क्यों कहता है ? [4]

**(iv)** प्राणों के लाले कब पड़ जाते हैं ? त्राहि-त्राहि से क्या तात्पर्य है ? [4]

THEEXAMPAPERS.COM
BY CHIRAG AGARWAL